दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

आज होलिका दहन है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन की परंपरा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा दो दिन होने के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद होली मनायी जायेगी। इधर, होली को लेकर प्रदेश में विशेष चौकसी बरती जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश हैं। शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के साथ–साथ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्म खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापित अवेधेश नारायण सिंह ने होली पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि विशाखपट्टनम – पटना के बीच तीन जोड़ी विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी। वहीं, नई दिल्ली से कटिहार और कामाख्या, आनंद विहार–जोगबनी, ग्वालियर–पुरी, बरौनी–उधना स्पेशल, मुजफ्फरपुर–हुब्बल्लि, पटना–वास्को डी गामा और दानापुर–मैसूर के बीच भी अलग–अलग तिथियों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर – एक सौ उनतालीस डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

---

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गयी है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि के सामान नहीं जलाने की अपील की है।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान अट्ठाईस डिग्री सेल्सियस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना है।

---

अररिया जिले के फुलकाहा थाना में तैनात एक दरोगा राजीव रंजन मल की शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। भारत– नेपाल सीमा क्षेत्र के पास फुलकाहा थाना में तैनात एएसआई राजीव रंजन मल देर रात्रि थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में छापेमारी करने गए थे। उसी दौरान तस्करों से धक्का – मुक्की हुई जिससे दरोगा की मौत हो गई। वे मुंगेर जिले के रहने वाले थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल लाया गया है। इधर, घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।